कल्पभाष्य

अर्थात्

भाषा कल्पसूत्र

———ooo———

श्रील श्रीयुत राजाडालचन्दजी की आज्ञानुसार
कवि रायचन्द ने बनाया उनके प्रपौत्र
राजा शिवप्रसाद सितारे हिन्द

की आज्ञानुसार छापा गया॥

———ooo———

"धर्म्मंकुरु धर्म्मंकुरु धर्म्मंकुरु प्रपूरय धर्म्म शंखम् प्रसारय धर्म्म ध्वजाम् प्रताडय धर्म्म दुन्दुभिम्"॥

"घड़ी न लब्भै अगली। इंदह अरकै बीर॥ इम जाणी जिउ धर्म्म करि। जां लग वहइ सरीर,,॥

———

KALPASÚTRA
Translated into Bháshá by Kavi Raychand under the patronage
OF RÁJÁ DÁLCHAND.
Printed and published for his great grandson
RÁJÁ SIVAPRASÁD. C. S I.

——:o:——

लखनऊ

मुंशीनवलकिशोर के छापेखाने में छपा
दिसम्बरसन् १८८८ ईस्वी

जिसको चाहिये लखनऊ लिखकर मुंशीनवलकिशोर से मंगाले॥

कुछ बयान अपने ख़ानदान का और

कारण इस ग्रंथ के छपने का ॥



पुराने कागज़ों से मालूम होता है कि जयपुर की अमलदारी में रणथंभीर के बीच जो एक बड़ा मशहूर क़िला है संवत् १०४५ के दर्मियान परमार वंशी शाखेश्वरी श्रेष्ठि धांधल हुआ। उसके कोई लड़का न था जैन धर्म पालक पूज्य श्रीजय प्रभु सूरिगुरु के प्रतिबोध से अछुप्ता देवी की आराधना की देवी ने स्वप्न में वरदिया देवीके हस्तपुट में पत्र पुष्प और गोखरू था इसी से जब लड़का हुआ उसका नाम गोखरू रक्खा और उसी से गोखरूगोत्र चला। सम्वत् १०९१ में देहरा बनाया जयप्रभु सूरिने प्रतिष्ठा कराई श्रीशेत्रुञ्जय का संघ निकाला। उस का लड़का धर्मंग उसका कर्मंग उसका पुहपा उसका भग्गा उसका अक्का उसका तोला उसका मेहका उसकाहीरा उसका मेघा उसका भाणा। जबसंवत् १३३५ में सुलतानअलाउद्दीन ख़िलजी ने रणथंभौर का क़िला तोड़ा भाणा अपने लड़के नायक समेत बादशाह के साथ चंपानेरचला आया। नायकका बेटा खीमा उसका जयवन्त उसका वीरा उसका गोरा संवत् १४८५में अहमदाबाद में आ बसा उसका बेटा अभयड़ उसका बासा उसका वस्ता उसका बहला उसका शिवसी उसका कर्मसी उसका रांका उसका श्रीवन्त उसका पद्मसी। सम्वत् १४८४ में पद्मसी साह खंभात मे आबसा। वहां उसने श्री कल्याणसागर सूरि से श्रीपार्श्व-नाथ स्वामी का स्फटिकमयबिम्ब प्रतिष्ठित कराया पांच सोने की कल्प सूत्र और चार मोतीके पूटे भेट किये श्रीशेत्रुञ्जय का संघ निकालापुस्तक भंडारभरा। उसके दो बेटे थे श्रीपति और अमरदत्त। अमरदत्त ने शाह जहांबादशाह को एक ऐसा हीरा नज़र दिया कि बाद शाह ने प्रसन्न होकर राइ की पदवी बख्शी और दिल्ली ले गया। उसके दो लड़के हुएराइउदयचन्द औरकेसरी सिंह। राइउदय चन्दके चार लड़के राइजगत् मित्रसेन सभाचन्द फ़तहचन्द औरराय सिंह। फ़तहचन्दने क़हतसाली मे ग़ल्लासस्ता करनेकेकारण मुहम्मदशाह से जगतसेठ की पदवी पाई लेकिन अपनीबहूबेटेसमेत मुर्शिदाबाद में अपने मामू सेठमाणिकचन्द नागौर वाले हीरानन्दसाहके बेटे की गोदजाबैठे। हीरानन्द साहकी बेटी धनबाई राइ उदय चन्दको व्याही थी। राइसभाचन्दके राइअमरचंद औरराइअमर चंदकेराइमुहकम सिंह और राजा डालचन्द। नादिरशाही में घरके दो आदमी क़तल होनेके कारण राइ मुहकमसिंह और राजा डालचन्द दिल्लीछोड़कर मुर्शिदाबाद आबसे। निदान

वरन् हेस्टिंग्ज़ की रिफ़ाक़त के बाइस नाहक़ मारे जाते थे इसी डर उनको ढूंढ़ के भेजकर चुपचाप बुलवा लिया और अपने मकान में छुपा रक्खा देखें शहर में कौन किस के साथ दोस्ती निभाता है और साहस करके अपनी जान जोखों में डालता है। उनके बेटे राजा उत्तमचन्द ने जिन्होंने लखनऊ वाले राजा बछराज की बेटी व्याही थी पुत्र ही न होने के कारण अपनी बहिन बीबी रत्न कुंअर के बेटे बाबू गोपी चन्द को गोद लिया और उन्हीं के बेटे राजा शिवप्रसाद सितारेहिन्द (३) ने अपने दोनों पुत्र कुंवर सच्चितप्रसाद और कुंवर आनन्द प्रसाद की बहुएं और अपनी बहिन बीबी गोविन्द कुंवर के ख़ातिर जो जैनधर्म की निरन्तर अवलम्बी हैं इस ग्रन्थ को कि जबसे राजा डालचन्द ने भाषा में बनवाया था एकही प्रति घर में रहा था उद्धार करके अर्थात् छपवाके अमर किया जो पढ़ें सुनें दया करके असीस दें कि धर्म में रति रहे परलोक सुधरे और कुबुद्धि कभी पास न फटकने पावे शुभंभूयात् ॥

इति

—0⊂0—

श्रीवीतरागायनमः॥

अथ कल्पभाष्य लिख्यते॥



चौपाई॥

जै जै जैन धर्म्म हितकारी। संघचतुर्विधिजिहिअधिकारी॥
साध्वी साधु श्राविका श्रावक। यहीचतुर्विधि संघ प्रभावक॥
नराकार सो धर्म बखाना। जाके बारह अंग प्रधाना॥
वदन पंच प्रानल है हाथा। बुधिचित आतमह्वैपदसाथा॥

दो० रत्नत्रय जासौं कहैं। ज्ञान दरस चारित्र॥
धर्म भूप नररूप कौं। कहिये वदन पवित्र॥
हिंसा मिथ्यावाद अरु। चोरी मैथुन बाध॥
औरपरिग्रह कौ तजन। पंच महाव्रत साध॥
ये कहिये ता पुरुषके। पांचौ प्राण प्रमान॥
दान सील तप भावना। दोनौं हाथ बखान॥
दान दया तीजौदमन। ये जे तीन दकार॥
बुद्धि चित्त आतम लहौ। ता नर कौ आधार॥
विनयविवेकविचारजुत। अरु निश्चयविवहार॥
येई ता नर धरम के। दरनदरन सुखसार॥
धर्मसिरोमनिशुभसमय। पर्व पजूसन जान॥
ताकीनिति विस्तारसौं। भाखौं सुनौं सुजान॥
चारिमास चौमास के। दिवस एकसौ बीस॥
उत्तम मध्यम सत्तरह। अधमपचास दुबीस॥
अधिक मासजो होयतौ। ताकी गिनती नाहिं॥
आसाढ़ी पून्यो हितें। दिनगिनगिनतीमाहिं॥

[illegible] रहित । सड़ मी विनुहोय ॥
[illegible] जीव न उपजै । निर्जन थंडिल सोय ॥
[illegible] भिक्षजहं । भिक्षा सुलभा होय ॥
[illegible] औखद सुलभ । जहां पाइये सोय ॥
गृहपतिसघनसनन्नजहं । सुजन समागमजान ॥
स्वाध्यायगोरस सुलभ । और रहित अपमान ॥
ऐसे तेरह गुन सहित । औगुन रहितसुदेस ॥
भूमि पाय सुख वासहवै । वसै साध धर्मेस ॥
भादोंअसित तिरोदसी । आदि आठदिनजोय ॥
सुदी पंचमी अंत दिन । पर्व पजूसन सोय ॥
इनआठों दिन में जती । जिनजनसनमुखहोय ॥
कल्पसूत्र को अर्थ सव । वरनि वखानै सोय ॥
आठदिवसविस्तारकरि । येई अरथ निदान ॥
सभदानिहाससमेतअरु । सह दृष्टांत वखान ॥
आठ दिना में पंच कृत । करें करावें संत ॥
[illegible] चतुर्विधि संघ के । परंपरा को तंत ॥
[illegible] नामकरि । दानसील तप भाव ॥
[illegible] तपआचरनकरि । यथाशक्ति चितचाव ॥
[illegible] दिनके अंत में । कल्प सूत्र सिद्धांत ॥
[illegible] सहित । हितकरिसुनैनितांत ॥
[illegible] पडिकमनकरि । आपुसमें सव लोक ॥
[illegible] खिमावें परसपर । वरसदोप तजिसोक ॥
[illegible] काल में । नाग केत इतिहास ॥
[illegible] जिनलह्यो । अचलपरम पदवास ॥

अथ नागकेत कथा ॥

चौपाई ॥

[illegible]कांति नगरी इक राजै । विजयसेनजहंनृपति विराजै ॥

शांत दांत श्रीकांत सेठ जहं । धर्मसील गुनवंत वसे तहं ॥
जाकी सुभश्री सखी सिठानी । गुन वय रूप सीलमनमानी ॥
ताके गर्भ अर्भ इक भयो । पूरव पुन्य आय फल दयो ॥
आनद मुदमय सेठ सिठानी । पर्व पजूसन नियरौ जानी ॥
आपुस मैं मिलि भाखन लागे । पूरब पुन्य जगत के जागे ॥
हमहूं अब अष्टम तप धारैं । जनममरन कौ दुखनिरवारैं ॥
यहधुनिसुनिशिशुहूंचितधारयो ।जातिस्मरितपकरनविचारयो ॥
पर्व पजूसन दिन आयो जब । सेठ सिठानी व्रत कीनो तब ॥
तज्यो मायकौ पय वालकहूं । लखिदुखपायोपितुपालकहूं ॥
सिसुमृदुतनतपताप न सहिकैं । मुरछिपरयोधरनीपर गिरिकैं ॥
सेठ विकल ह्वै वैद बुलायो । चेत्यो नहिं उपचार करायो ॥
तब निरास ह्वै वालहिछाड्यो । पितादुखित ह्वै मरनौमाड्यो ॥
सोनिपुत्र घर भयो जानिनृप । अर्थ लैनकौ छांडि दई कृप ॥
क्रूर दूत धन लैन पठाये । ते सब सेठ द्वार पर आये ॥
सिसु तपवल इन्द्रासनचाल्यो । अवधिज्ञान तबइन्द्रसभाल्यो ॥
सिसु पूरवभव की सब जानी । सभा प्रमुखसों सबै वखानी ॥
वनिक पुत्र हो यह पूरव भव । अपर मात के दुःख दह्योदव ॥
सोदुखतिन निजमित्रसुहृदसौं । कह्योसह्योनहिंतिन भाखो यौं ॥
पूरव सुकृत न संचित तातैं । यह दुख लहत अपर मातातैं ॥
यहसुनितिनतपकरनविचारयो । अतिसुभ ध्यानहियेसैं धारयो ॥
पर्व पजूसन नियरैं आयो । ताकौंव्रत करिहौं मनभायो ॥
धारिध्यान नृप ग्रह में सोयो । द्वेप दृष्टि तिहि माता जोयो ॥
दीपक वारन के मिस आई । तादृन ग्रह में आगि लगाई ॥
सो जरि मरि श्रीकांत सेठ घर । पुत्र होय जनम्यौ सो नरवर ॥
यह कहिसुरपति निजजन प्रेरे । राजदूत तिन किये अनेरे ॥
सुरपति हूं नरपति ढिग आये । आय कही क्यों दूत पठाये ॥
राजनीति की नृप दै साखी । सुरपतिसौं यह भाखा भाखी ॥

[illegible] निर्धन बालक । ताकेबन को राजा मालक ॥
[illegible] कथा सुनाई । पूरब भवकी सब बतलाई ॥
[illegible] बालकहिं जिवायो । नागकेत तिहिनाम बतायो ॥
[illegible] निज धामसिधारे । नृप हूं अपने जन निरवारे ॥
[illegible] पितुकी सुतकीनो । धरमभरनविधिसिरधरिलीनो ॥
[illegible] चौदस व्रत प्रति मासा । पट व्रत चातुर मास निवासा ॥
पंच महा व्रत पालन लाग्यो । धर्म प्रभाव तासु जसजाग्यो ॥
इक दिन राजा इक जनमारचो । सिर कलंक चोरीको धारचो ॥
सो दुर्गति लहि व्यंतर भयो । अपनो वैर नृपति सौं लयो ॥
[illegible] अगोचर तिन निस चारी । लात एक राजा कौं मारी ॥
[illegible] वमन करिनृप भू गिरचो । सभासदनलखिअचरजकरचो ॥
[illegible] व्यंतर शिला संवारी । नगरमान लांबी विस्तारी ॥
[illegible] नभदिसि भाग्यो । नगर लोगपर पटकनलाग्यो ॥
[illegible] पर लीनी । तपवलतृरिफेंकितिहि दीनी ॥
[illegible] नृपहूं को कीनो । व्यंतरभाजि भयो बल हीनो ॥
[illegible] को लहिये । निश्चयकरितपकोपथगहिये ॥

दो० [illegible] पंचमी । अन्य मती हूं लोक ॥
[illegible] । जगमें होय असोक ॥
[illegible] । दिन पचासवां जोय ॥
[illegible] दिन । घटे नु घटनी होय ॥

[illegible] पंचमी कथा ॥

दो० [illegible] । पुन्यवती थल पाय ॥
[illegible] । पाय तात अरु माय ॥
[illegible] में । एक सुनी एक वेल ॥
[illegible] । गही आवकी गैल ॥
[illegible] । स्वच्छ बनाई खीर ॥
[illegible] । करिसरक्योधरिधीर ॥

सोनिहारि तिहिकूकरी। विपुलअनर्थविचारि ॥
दौरिजुठाई खीर सो। लखिद्विजदीनीमारि ॥
मारि तोरिताकी कमर। गोसाला मैं बांधि ॥
विप्रजिवाये प्रीतिकरि। खीर दूसरी रांधि ॥
ताही दिन तावैल कौं। तिहि द्विज तेली ऐन ॥
वहन हेत भाड़ै दयो। सबदिनतिहिदुखदैन ॥
मुख मैं छींका वांधिकै। फेरयो कोल्हू साथ ॥
सांझ भये आयोसदन। वदन मलीन अनाथ ॥
आपुसमैंमिलिवृषशुनो। निजनिजविथासुनाय ॥
कथासकलदुखकीकही। वेदन विपुल बलाय ॥
कटिटूटन की उनकही। सहन भूखइनप्यास ॥
लहि निरासता अन्नतें। दोऊ भये उदास ॥
सुन्योसकलसंवाद यह। ताद्विजने धरि कान ॥
जान आपने मातपितु। अतिपछताय निदान ॥
भोजनदै तिनदुहुंनकौं। ऋषिनपासद्विजजाय ॥
कह्योसकलवृत्तान्तजो। सुन्योसुअनसमुझाय ॥
अरुपूछीकरजोरिप्रभु। जेहिविधिकुगतिनसाय ॥
मातपितासदगतिलहैं। सो भाषिये उपाय ॥
सुनिवेदनरिषिगनसकल। अनुकंपे लखिदीन ॥
दयादीठ दृगभरि कहे। वचनसुधा रसलीन ॥
पूरवभवइनदुहुंनमिलि। कीनो केलि अकाल ॥
तातेपायो जनम इन। वृषभ शुनीकौ हाल ॥
अवभादौं सुदि पंचमी। ऋषिपंचमिजिहिनाम ॥
तादिनसयम सनेम ह्वै। व्रतकरि आठौ जाम ॥
अनखेड़ी हलकी धरा। तामैं अन्न जु होय ॥
आपहिं तें उपजै विपन। तादिन खैये सोय ॥
तातें इनकीकुगतिमिटि। संगतिलहिहैं जान ॥

मुनिद्विजत्योंहींकरिपितर । पठयेसुरगनिदान ॥
ऐसें या सुभ दिवस में । गौरोमति के लोक ॥
तपकरिजगत्रयतापहरि । मुक्तलहततजिसोक ॥
यातेंजे जिन धरमरत । साधु साधवी जोय ॥
हितकरिश्रावकश्राविका।व्रतकरिनिरमलहोय ॥
कल्पसूत्रको पाठअरु । अर्थसमझिसुनिकान ॥
मरम धरमकोपायपद । परम लहे निरवान ॥

दृष्टांत कथा ॥

दो० तृतियरसायनगुनसकल । कलपसूत्र त्योंजान ॥
ताहूको विस्तार सों । कहोंकथासुनिकान ॥
भयोलाखअभिलाखकरि । इकनृपकें सुतआय ॥
चही तासु आरोगता । नृप त्रय वैदबुलाय ॥
तिनमें तें इकवेद ने । निजऔषधगुनभाखि ॥
कह्यो मातरा एक में । हरों रोगयह साखि ॥
पैजरोग नर जो भखे । यहभेषजतिहिकाल ॥
नव्यसिव्यनेमोनरमकल । होय रोग में हाल ॥
सुनिराजा ना वेद कों । तुरत कियो बिदाय ॥
ऐसो सिद्ध जगावनो । भलो न यहहै राय ॥
वैद दूसरो पुनिकह्यो । निजऔषधगुनआय ॥
रोग हरे रोगीनु को । बिनरुजकछुनवसाय ॥
ताहूको कीनो बिदा । वृथासमझिनरराय ॥
भस्ममांहिहविहोमिवयो। करनोभसमसुभाय ॥
तबपूछ्योनृपनिज निकट । तीजोवैद बुलाय ॥
तिननिज औषधकोसुगुन । ऐसें दियो बताय ॥
रोग हरे आरोग कों । अधिकपुष्टकरिदेय ॥
रीझिनृपतिबहुधन दियो । वैदहिऔषध लेय ॥
जैसो औषधि तीसरी । कल्पसूत्रत्योंमानि ॥

पाप हरै दुखछय करै। पुन्य बढ़ावै जानि॥
तीरथ शत्रुञ्जय सकल। तीरथ मैं ज्यों सार॥
अभय दान ज्यों दान मैं। मंत्रन मैं नवकार॥
ब्रह्मचर्य ज्यों व्रतनमैं। विनयगुननके माहिं॥
नियमन मैं संतोष तप। छमा सरीखो नाहिं॥
तत्वन मैं सम्यक्त त्यों। पर्व्व पजूसन जान॥
चिन्तामणिसुरधेनुज्यों। धेनु रत्न मैं मान॥
सीतासतियनमाहिंअरु। गीताग्यानन माहिं॥
छायाधर तरुमांहि ज्यों। कल्पवृक्ष की छाहिं॥
त्योंहीं सब सिद्धांत मैं। कल्प सूत्र सिद्धांत॥
सब आगमके सारकौं। सार निहारि नितांत॥
महा वीर निरवानतें। छठैं पाठ सुख सार॥
भए बाहु स्वामी सुखद। चौदह पूरब धार॥
नवमैं पूरब माहिं तैं। कीनौं यह उद्धार॥
वरअठयों अध्यैन सुभ। दस श्रुतकंध मझार॥

अथ दस कल्प वर्णन॥

दो० कल्प अर्थ आचारहै। सो दसविधिकोजान॥
प्रथम अचैलउदेस द्व। सय्या तर त्रय मान॥
राजपिण्डकृतिकर्म्मव्रत। जेष्ट प्रति क्रम आठ॥
मास कल्प पर्जूशना। यहै कल्प दस पाठ॥
आदि अंत जिनसाधकों। दसों नियत ये कल्प॥
चारिनियतजिनमध्यकौं। छह अनियत वैकल्प॥
ते छह कहेअचेलअरु। प्रति क्रमन उद्देश॥
राज पिंड पर्जूसना। मासकल्प तजि शेश॥
शय्यातरव्रत आचरन। ज्येष्टत्व कृति कर्म्म॥
बाइस जिनके साधको। चारिनियत यह धर्म्म॥

अचेल ॥

दो० देव दूष्य पटइन्द्रजो । जिन कांधेधरि देय ॥
सो गिरि परे अचेलतव । वस्त्र रहितकहि तेय ॥
यातें जीरन चैल लहि । आदिअंतजिनसाध ॥
सेत वस्त्र लैं तनधरें । सोऊ साध अवाध ॥

अथ उद्देश का ॥

दो० साधु हेतु उद्देश करि । करै गृही आहार ॥
आदि अंत जिनसाधकों । उचितनसोनिरधार ॥
एकै साध विशेष हित । जो उद्देश अहार ॥
सो न लेय सव साधुलें । बाइस जिनविवहार ॥

अथ शय्या तर ॥

दो० जो श्रावक चौमासमैं । साधु रहनहितवास ॥
देय ताहि आगम कहै । शय्यातर परकाश ॥
ताशय्या तर सदनको । लेय न साधु अहार ॥
त्रिनियकल्पआचारयह । चौविसजिन विवहार ॥

अथ राज पिण्ड ॥

दो० नृप देशाधिप सदन कौं । लेय न साध अहार ॥
आदिअंतजिन साधकों । अतिअनुचितनिरधार ॥

अथ कृति कर्म ॥

दो० गुरु वंदनअरुपडिक्कमन । नित्य कर्म यहहोय ॥
गुरु लघुतासबसाधुकी । दिक्षा क्रमतें जोय ॥
करें परस्पर वंदना । गुरुकोंलघुसवसाध ॥
गुरुलघु साधईसाधवी । यह कृतकर्म अवाध ॥

अथ व्रत ॥

दो० पंच महाव्रत आचरन । आदि अंतजिनसाध ॥
मध्य जिने सरसाध के । चार भेद अवाध ॥
मानत मैथुनको सकल । ते परिग्रह के मांह ॥

चारें व्रतहीमें गिनत । ते मैथुन की छांह ॥

अथ ज्येष्ट ॥

दो० आदि अंत जिन नाथके । साध सदिक्षा होय ॥
मासखिमन करिपंचव्रत । पालैं जानौसोय ॥
मध्य जिनेसर साध सब । दीच्छाहीले फेर ॥
पंच महा वृत आचरैं । जैनागम विधिहेर ॥

अथ प्रतिक्रमण ॥

दो० आदिनाथ जिन वीरके । साधसांझ अरुभोर ॥
दुहूंकालपडिकमनकरि । ध्यावें आतम ओर ॥
मध्य जिने सरसाध कौं । जब कछु लागे दोष ॥
ताकौ संभव जानि कैं । करें पडिकमन पोप ॥

पर्य्यू शण ॥

दसवों पर्व पजूसना । प्रथम कह्योविस्तार ॥
कल्प सूत्र जामें पढ़ै । सुनै संकल सुख सार ॥
आदि अंत जिननाथके । साध यथा विधियाहि ॥
करैंतथाविधि आज लौं । साधआदरन ताहि ॥
आदि अंत जिननाथके । साध दोयविधिजान ॥
सरलमूढ़ अरुवक्र जड़ । होय सुभाव निदान ॥
बाकी जे बाईस जिन । तिन के साध सुछंद ॥
सरल प्रग्यतें होयसब । तिन कौं ज्ञानअमंद ॥

अथसरल मूढ़ दृष्टांत ॥

तहां प्रथम दृष्टांत सुनि । सरल मूढ़ कौं एह ॥
समझिन सरलसुभावतें । तिनकौं विनुसंदेह ॥
कौंकण देशी साध इक । काउसग्ग तपलीन ॥
गुरुपूछोतिहिविमल कौं । बोल्योसाध अधीन ॥
दया चिन्तवन करत हो । जबहौंगृहको बास ॥
सब कारज हौंकरत हो । अबतो भयोनिरास ॥

कृषिकरितवहां भरतहैं। सब कुटुम्बकोपेट ॥
[illegible] के जियत है। सोमन बड़ोखखेट ॥
गुरुतब बोले साधु सों। यहचिन्तौनअयोग ॥
ग्रही कर्म कौ चिन्तवन। साधु जनन कोरोग ॥
मिथ्या दुष्कृत दीजिये। कीजे शुभ परनाम ॥
[illegible] मानि तैसें कियो। पायो मन विश्राम ॥
सरल मूढ़ अरु वक्रजड़। दोउन कौ दृष्टान्त ॥
अब आगें विस्तारकरि। तिनकौभेदनितान्त ॥

अथ सरल मूढ़ जड़ वक्रदृष्टांत ॥

सरल मूढ़ जड़ वक्र द्वै। साधु गोचरी हेत ॥
गये विहरि फिरि राहमें। निरखिगयेनिजखेत ॥
गुरु पूछी जब विलम्ब की। कही-राह में आज ॥
नट नाटक देखत भयो। एतौ विलम्ब नाज ॥
[illegible] मर्यो साधु कों। जोगनलखि योनाथ ॥
[illegible] मुनि मन। [illegible]। हुवहु बोल्योसाथ ॥
[illegible] वक्र [illegible]। यहु सो गुरुकीचूक ॥
[illegible] नवयो। तुम नर्ज्यो करि कूक ॥
[illegible] मैं। ढका नरह्योलुभाय ॥
[illegible] जब लगी। नाचन अपनी राय ॥
सरल मूढ़ बोल्यो नहीं। सकुचि जोरि द्वै हाथ ॥
[illegible] कहत ते भई। कीजे नाथ सनाथ ॥
[illegible] बोल्यो वक्र जड़। अपनी जानत न चूक ॥
नट नाटक बरज्यो हमें। नटी कही कब कूक ॥

अथ जड़ वक्र दृष्टान्त ॥

मुनि केवल जड़ वक्रपर। चौरी इक संवाद ॥
[illegible] गुरु को सौंप द्वै। रह्यो याहिरखि याद ॥
जड़ कहे सो कीजिये। फेर न दीजे ज्वाब ॥

बोल्योसुतसुनि सनविकै । योंहीं करिहैं बोव ॥
घरतैं निकसत एक दिन । सुतसौं कह्यो सुनाय ॥
तात बंद करि राखियो । द्वार कपाट लगाय ॥
सुनि लगाय दीने तुरत । घरके द्वार किवार ॥
सोय रह्यो सुख सदन में । जब आयो पितुद्वार ॥
रह्योपुकारिपुकारि अति । गेरो फारि हियहार ॥
सुनी तदपि बोल्योन सुत । खोले नाहिं किवार ॥
तबसो पितु चढ़िभीतपर । बढ़ि कूद्यो घरमांह ॥
देख्यो लखि सुत क्रोध करि । छई दृगनमैं छांह ॥
सुत बोल्यो तुमही न तब । भाषी सन्मुख होय ॥
गुरु कौं ज्वाब न दीजिये । रिसवयोंकोजतजोय ॥
चौथे आरे मांहि जे । बाइस जिनके साथ ॥
सरल प्रज्ञते होत हैं । काल स्वभावकसाथ ॥
समझिकरैं सिगरीक्रिया । ज्ञानवंत ते होय ॥
जिनपवन्त वलव जसव । धीरज बले सोय ॥
रहैं दिगंबर विनय मैं । तन मैं नेक न नेह ॥
आतम सौं तनन्यैं रहैं । वहैं भार लौं देह ॥

ऋजु प्रज्ञ दृष्टान्त ॥

तिनहूं पै दृष्टान्त यह । नटनाटक कौ सांच ॥
गुरु मुखतैं जब उन सुनी । जोगन लखिवो नाच ॥
नटनाटकहू तिन तज्यो । नटी नाट्य हू फेर ॥
नाचसाज सब तजिदयो । गुरुपद सुमिरि सुहेर ॥
उत्तम मध्यम अधम ये । भाव काल वत एक ॥
सरल मूढ़ऋजुप्रज्ञयुत । तीजो है गड़ वक्र ॥

अथ ग्रन्थानुक्रमणी ॥

सो॰ प्रथम मंत्र नवकार । अर्थ सहित याग्रंथ मैं ॥
ता पाछै अधिकार । महावीर कल्यान कौ ॥

पुनि श्रीपारस नाथ । नेमनाथअधिकारअरु ॥
कीन्हें ग्रन्थ सनाथ । आदिनाथअधिकारकहि ॥
अन्तराल विस्तार । ता पाछें थविरावली ॥
कही जैन मत सार । साध समाचारी बहुर ॥
कल्प सूत्र सिद्धान्त । ताकी ह्यांलों पीठिका ॥
करन बखान नितान्त । अब निजग्रन्थारंभभनि ॥

इति पीठिका समाप्तः ॥

ॐ नमो रिहं ताणम् । नमो सिद्धाणम् ॥
नमो आयरियाणम् । नमो उज्झायाणम् ॥
नमोलोएसव्वसाहूणम् । एसो पंच नमुक्कारो ॥
सव्व पावप्पणा सणो । मंगला णंच सव्वेसिं ॥

पढमंहवय मंगलम् ॥

सो० मंगलीक नवकार । चौदह पूरव सार यह ॥
हरन अमंगल भार । नरनमंगला चरन अत ॥
नमों प्रथम अरि हंत । भागवंत भगवंत प्रभु ॥
[illegible] कर्म [illegible] वंत । अष्टादश दूषणरहित ॥
[illegible] नाथ । चौंसठगुण[illegible]जो ॥
[illegible] । हाथ जोरिवंदन करों ॥
[illegible] सिद्ध । ज्ञानप्रवृद्ध प्रबोध कर ॥
[illegible] सिद्ध । तिनहिं वन्दनाकीजिये ॥
[illegible] भेद । और आठ गुनही बहुरि ॥
आठ करमकों भेद । तजि दीनोंतिनकों नमों ॥
तीजे जे आचार्य्य । त्रिकालग्य त्रय तापहर ॥
छत्तिसगुणके कार्य्य । कारण तारण कों नमों ॥
चौथे रहित उपाधि । उपाध्याइ जपतप क्रिया ॥
सकलअसाधहिंसाधि । सावधान तिनकों नमों ॥
ग्यारह अंग उपंग । बारह जे सब शास्त्र के ॥

पढ़ें पढ़ावें संग । द्वादश अंग अभंग वर ॥
पुनि पंचम नोकार । नमस्कार जासौं कहें ॥
सकलसाधुसुखसार । जिन कल्पीकल्पीथविर ॥
सत्ताइस गुनवान । जेते ढाई द्वीप में ॥
चारित लै सुज्ञान । भये तिन्हें वंदन करौं ॥
परमेष्टी नव कार । वेई जिन जन शास्त्रके ॥
सकल पाप संघार । होतजाप जाकौ किये ॥

अथ पंच कल्यानक ॥

अव पांचों कल्यान । कहि वरनों चितदे सुनो ॥
परम धरमकी खान । भरम मिटत भवभवनुको ॥
पंच कल्यानक सार । च्यवनजनमचारित्र पुनि ॥
ज्ञान मुक्ति आधार । चौविस तीरथ नाथ के ॥
महावीर तिहि मांह । चरम तिथंकरकी अधिक ॥
इक कल्यानक छांह । गर्भाकर्षण इन्द्र कृत ॥

अथ काल प्रमाण ॥

चौपाई छंद ॥

काल विभाग जैन मत जानौ । छह आरे करि भेद बखानौ ॥
पहिलौ सुखम सुखमकहिनाम । ताको अवधि सद्धु विश्राम ॥
कोड़ा कोड़ चारि जे सागर । ताकी उपमा जोग उजागर ॥

अथ सागर प्रमाण ॥

दो० पल्योपम कौ मान अव । पहिलै करौं वखान ॥
लांवीचौड़ी भूमि खनि । इक इक जोजन जान ॥
तितनी हीं औंड़ी खनौ । ऐसी खात वनाय ॥
ठांसिभरौतिहिंजुगलिया। वाल वाल कतराय ॥
चक्रवर्त के कटक तैं । दावैं दवैं न सोय ॥
सरित सलिलतापरवहैं । स्रवै न जलकणजोय ॥
वालअग्र कोपरम अनु । प्रतिसौवरसनिकाल ॥

होवै रीतौखात जब । सो पल्योपम कमल ॥
पल्य जुकोड़ाकोड़दस । सागर मान बखान ॥
जैनागम परमान कहु । एतो सागर मान ॥
सागर कोड़ाकोड़ जब । बीस सुनौमिति होय ॥
काल चक्रतब होयसो । परौ जानो सोय ॥

घोपाई ॥

पहिलैं सुखमसुखम आरे के । कहौ सकल जुगलिया तारेके ॥
जनैं जुगलियातहं सब नारी । साथहिं इक बारो इकनारी ॥
यद्यपि एक कूप तें उपजें । पै ते कुलक कुलनि निपजें ॥
तीन कोसकी तिनकी काया । पल्योपम त्रय आयु बताया ॥
भूख लगै तीजें दिन तिनकों । भरै पेट इक बदर जिनकों ॥
उनंचास दिन पितु अरु माता । तिनके पालन लालन राता ॥
कल्प वृक्ष फिरि तिनकों पोषें । यथा इच्छ तिनकों संतोषें ॥
इकसत छप्पन पसुरी तनमें । पहिले आरे में थी जन में ॥
दूजों आरो सुखमा नाम । कोड़ा कोड़ तीन को धाम ॥
सागर ओपम ता गो भाखें । तिनके जुगलिन की सुनि साखें ॥
कोस दोय तन है पल्लायु । दोय दिवस पाछैं ते खायु ॥
बेर मान आहार सभालैं । मात पिता चौसठ दिन पालैं ॥
कल्प वृक्ष पुनि तिनकोंलालैं । तिनकी पसुलीकोसुनि चालैं ॥
इकसत अट्ठाइस ते राखें । अब तीजो आरो सुनि साखैं ॥
सुखमा दुखमा नाम अनूपं । कोड़ कोड़ द्वै सागर ओपं ॥
कोसमानतनजासु युगलिया । पल्योपम इक आयु संवलिया ॥
इक दिन अन्तर करैं अहारा । मान आंवले के तिहिं आरा ॥
उन्निस दिवस मातु पितु पालैं । कल्प वृक्ष फिर तिनकौं लालैं ॥
चौंसठ पसुली तन में जानों । यों तीजो आरो परमानौं ॥
दुखमा सुखमा चौथो साधो । काल मान तीजौ को आधो ॥
प तामें इतनों कम चहिये । सहस बयालिस बरसैं कहिये ॥

जुगल धर्म इहि आरे नाहीं । मिथ्य भख्यापै तिहि माहीं ॥
कल्प वृक्ष दवे ते नहिं । कर्महिं तें जीवन निरवहैं ॥
पंचम आरा दुखमा नामा । जामें नेक न सुख बिश्रामा ॥
सहस इकीस वरस जाको थिति । वरस एकसौ बीस आयुगति ॥
साढ़े तीन हाथ तन नाना । दिन द्वै वेर भूप दुख नाना ॥
अंत समय इहि आरे माहीं । जैन धर्म थोरौ रहि जाही ॥
दुख सह आचारज नकछेसा । नाम फाल्गुनी साध्वी वेसा ॥
नागिल स्रावक और स्राविका । नाम सत्यश्री वरस्रभाविका ॥
चरम काल इहि आरे लहिये । चतुर संघ याही कौं कहिये ॥
छठवां दुखम दुःखमा नामा । सहस इकीस वरस थिति तामा ॥
एक हाथ तन मित अरु जामें । सोरह वरस सरसे चय तामैं ॥
लोक कुरूप कुधर्म कुकामी । अगति अलज अचेल अदामी ॥
नव बरसी तिय गर्भ प्रकासी । घरबिन जन गिरिगुहा निवासी ॥
मत्स्याशी जन कुत्सित कर्मा । छठवें आरे को यह धर्मा ॥
छठवें पहले दूजे आरैं । जैन धर्म नहिं तिनकें वारैं ॥
इकतें छहलौं क्रम करि चहिये । उत्सर्पिनी काल तिहि कहिये ॥
फिरि छहतें इकलौं उलटो क्रम । अब सर्प्पिनी काल कौ आगम ॥
दुहूं काल मिलि बारह आरे । सागर बीस कोड़ को डारे ॥
काल चक्र इक याको कहिये । जैनागम मत ऐसे लहिये ॥
चरम काल तीजे आरे मैं । अरु चौथे पूरे बारे मैं ॥
चौबीसौं जिनवर अवतरे । ज्ञान जोग तप वपु गुण भरे ॥
कुल इक्ष्वाकु गोत कास्मपजे । इकइस जिनवर तामें निपजे ॥
अरु हरिवंश वंश के माहीं । गौतम गोत माहिं तिहि ठाहीं ॥
दोय तिर्थंकर औरो भये । मुनि श्री सुव्रत नेम छवि छये ॥
बरस पचत्तर याके जबै । अठ मास साढ़े पुनि सबै ॥
चौथे आरेके जब रहे । तेईसौं जिनवर निरवहे ॥
चरम तिर्थंकर तब अवतरे । महाबीर स्वामी गुण भरे ॥

इनहीं को कछु करि दिग्भाग । प्रथम चवन अब कहौं सुहाग ॥

अथश्रीमहावीर स्वामी चवन कल्यानक ॥

चौपाई ॥

ग्रीषम ऋतु सितमास असाढ़ै । छठतिथि निशिनिशीथनहिंबाढ़ै ॥
देवलोक तें च्यवनविचारयो । देव योनि तजिवो निरधारयो ॥
बीस सागरोपम वय मजिकै । शुभ विमाल पुष्पोत्तर तजिकै ॥
देवस्थित भव पूरण करिकैं । मनुष योनिकोंहित चित धरिकैं ॥
जम्बूद्वीप भरथ छिति माहीं । ब्राह्मणकुण्ड ग्राम तिहिं ठाहीं ॥
ऋषभदत्त द्विजवर की घरनी । देवानंदा सुवरन वरनी ॥
मतिश्रुतिअवधिज्ञानसंगलेके । ताके गर्भ चवे सुखदेके ॥
सूक्ष्मचवनसमय नहिंजान्यो । करिके चवन सवे पहिचान्यो ॥
ताही निशि तिनि देवा नंदा । चौदह सुपन लखे सुख कंदा ॥
अति उदारअति आनदकारी । अद्भुत मगलीक हित वारी ॥
सो लखि लहि अति मोदितभई । आनद युत ह्वै पति पै गई ॥
प्रथम जोरिकर विनयसुनायो । पुनि अंजुलि सों सीसछुवायो ॥
पाछैं सबै विवरथा कही । जो कछु सुपन मांह उनलही ॥
कहि ताको फल पूछन लागी । भागवत सुहि करो सभागी ॥
तवपतितिनिजमतिगतिअनुमितकरितिनसुपननकोआशेचितधरि ॥
अति हर्षित आनंदित ह्वै कैं । मोद भई ह्वै सुख सरसै कै ॥
प्राणप्रियेकहि नियमेंभाख्यो । दईदयो वितको अभिलाख्यो ॥
बड़ो अलभ्य लाभ तुहि ह्वैहै । सुद मंगल आनद हित पैहै ॥
चारयोवेद गनित गुण जेते । जोतिष केसव लहिहै तेते ॥
अरु इतिहास पुराण ज्ञानगुन । वेदककाव्यछंद सिच्छाग्न ॥
आगमअगम निगम गुणज्ञानी । तेरे गर्भ अर्भ में जानी ॥
पियजियको विय जवयों सुनी । मुदित भई इकतें सतगुनी ॥
आस पाय पतिपास न छंड्यो । हास विलासभोगरत मंड्यो ॥

अथ इन्द्र वैभव वर्णन ॥

चौपाई ॥

तेहीं समय गुरुवतितिहिकाला । इन्द्र देवतन को भूपाला ॥
वज्र जानु को आयुधकहिये । ऐरावत गज वाहन लहिये ॥
ताकी सभा सुधर्मी नामा । लाख कोस विमान सुधामा ॥
मुख्य इन्द्र चवतेत्र विमाना । तीनिस सहस्र देवगण नाना ॥
सात अनीक सैन सैनापति । अप्सरागंधर्वगणअगनित अति ॥
लोक पाल सब आगे ठाढ़े । बैठ्यो गज सिंहासन गाढ़े ॥
कुण्डलमुकुटकटक उरमाला । अंगदादि भूषण मणिजाला ॥
चामर छत्र बीजना राजे । नाटक गीत नाच धुनि छाजे ॥
जिहि तपकरियहवैभव पाई । सो मैं तो को देहुं बताई ॥

अथ कार्तिक सेठकथा ॥

मुनि सुव्रत स्वामी के वारें । पृथ्वी भूषण नगर मझारें ॥
प्रजापाल नृप ताको राजा । सभा सोम्यपरसुखद बिराजा ॥
तापस एकतहां चलि आयो । तिन तपबलसबको विरमायो ॥
राजा प्रजा सबै तापस दर । दरस हेतआवैं नित उठ कर ॥
कार्तिक सेठ एक व्रत धारी । कुटुम्बसैं तिहि नगर मझारी ॥
सो श्रावक नहिं ताके गयो । ताते तापस द्वेषित भयो ॥
पारनदिन नृपसों तिन कह्यो । कार्तिकसेठहिहम नहिंलह्यो ॥
सेठ पीठ पायस की थारी । तौ हम पारन करैं तुम्हारी ॥
सुनि नृप सेठहि वेग बुलायो । कीनों जो तापस मन भायो ॥
सेठ पीठ पायस की थारी । गरमा गरम लाय के धारी ॥
लाग्यो तापस पारन करने । लागी पीठ सेठ की जरने ॥
तापस निज कर नाकहि छैके । सेठहि सैन नैन की दैके ॥
अति अपमान ठानि गुदठायो । जानि सेठ मनअतिपछितायो ॥
जौ पहिले मैं चारित लहतो । तौ इतनो दुखकाहे सहतो ॥
ऐसे बार बार चित माहीं । सोचि सेठजग जानि वृथाहीं ॥

निज अपमान सेठलहि मनमें। चारिततुरत लियोजिनजनमें ॥
तिहिसंगसहस अठोतरश्रावक। भयेजती अतिपरम प्रभावक ॥
संथारा लेके तन तज्यो। सेठ सुधर्म इन्द्रपद भज्यो ॥
मरि तापस ऐरावत भयो। सुरपतिनिजवाहन करिलयो ॥
तब तिन गजके मस्तक कीने। इन्द्रौ दोय रूप धरि लीने ॥
ऐसे जेते सिर गज करै। सुरपतिहू तेते वपु धरै ॥
यों गज गर्व हीनकरि दीनो। विवस होयतब भयो अधीनो ॥
सुईइन्द्र यह वइभव जाको। सुर नर मुनि भयमानतताको ॥
अवधिज्ञानकरितिनजवजान्यो। जिनवरचवमगुजोनिप्रमान्यो ॥
मुदित होय आनंदअति पायो। आसनते उठितिहि दिसधायो ॥
सात पैंडचलिकियो प्रनामा। नमोर्हंत यों कहि सिर नामा ॥

अथ इन्द्रस्तुति ॥

तुमहो ज्ञान जोग के स्वामी। तप विराग करि पूरन कामी ॥
पुरुप प्रधान लोक हित कारी। दया धर्म समकित परभारी ॥
भुक्ति मुक्ति दायक भगवाना। सन्नद अभयदमगदसुजाना ॥

अथ मेघ कुमार कथा ॥

मेघकुमारहि ज्यों जिन स्वामी। सुमग दिखायो पूरन कामी ॥
ताकी कथा कहों अति प्यारी। जिनजनगन को आनदकारी ॥
श्री जिनवरस्वामी भगवन्ता। एक समय विहरत बनसन्ता ॥
विचरत स्रेनक सुत सों भेटे। बोधि ताहि भवदुःख खखेटे ॥
अंत द्वारपर थल निहिकीनो। ग्हन लग्योगुरु वचनअधीनो ॥
तहां साधु वहु आवें जावें। गमनागन संघट्ट वढ़ावें ॥
मेघकुमार राज स्रेनक सुत। भयो गमनआगम तैं दुख युत ॥
तव उनअपनो हिये विचारो। सदनसेज सुखमसि सुखनारी ॥
हाव भाव भरमुजभरि भेटनि। सब विधिकोसुखसारसमेटनि ॥
एतं सुख तव नींद न आवत। सो अब ह्यां इतनो दुखपावत ॥
यातें फिरि अपनो घर लहिये। साधुपनो दुख असहनसहिये ॥

यहमतिचित धरि गुरु पै आये। गुरु बिन भाखें मनकी पाये ॥
कह्योवत्सयहदुखनहिं सहिकैं। चहतरह्योफिरियहसुखलहिकैं॥
ऐसी मति कबहूं नहिंकीजै। यह केतौ दुख जाहि न धीजै ॥
पूरब भव जेते दुख सहे। परम मरम हित जात न कहे ॥
सब बिस्तारि कहौं सुनुसोसैं। पूरब जनम करमगुन तोसैं ॥
गिरि बैताढ्यमाहिं बनिचर तूं। भयो हजार करिन कौ बरतूं ॥
छहरदवारौ मत मद धारौ। मेरु समान अति ऊंचौ भारौ ॥
आयो ग्रीषम भीषन काला। बन में लगो दवानल ज्वाला ॥
दव डरतेंतव तूं तहं नस्यो। निर्जल सर पंकिल में फस्यो ॥
तहांएक अरि करिवर आयो। तिन तुहिकरिआघातदुखायो ॥
सहनकियो तें अति दुखताको। सातदिवसनहिंलहि साताको ॥
इक सतवीस बरस वयधरिकैं। विंध्याचल में जनम्यो मरिकैं ॥
चारि दांत कौ हाथी सरज्यो। अरु नवरनजातेंगिरिलरज्यो ॥
जाके और सात से हाथी। अनुचर हवैबिचरैंतिहिसाथी ॥
पूरव भव दव दुख जो पायो। जातस्मर तैसो सुधि आयो ॥
सोविचारिचितधरितिनवरकरि। भूमिएकराखी बिनुतृनकरि ॥
इकदिन वनघनफिरिदवलागी। पशु श्रेणि वनकोडरि भागी ॥
भागि कहूं जब ठौर न पाई। तिहि थलिन भुवजाइसनाई ॥
गजवरहूं तिहि थलभजिआयो। ज्योंत्यों करितहंनायसमायो ॥
फस्यो अनेक जीव संघट मैं। हलिचलिसकयोनतासंकटमैं ॥
ता गज कौ जबतन खुजलायो। खुजलावन कौं चरनउठायो ॥
सोपग थल सूनो नहिं पायो। ससाएकभजितिहि थलआयो ॥
ताहि देखि गजपति अनुकंप्यो। चरन धरन मैं जैहै चंप्यो ॥
जीव दया हत चितअतिपार्‌यो। फेरि नचरनधरनिपै धार्‌यो ॥
ढाई दिन लौं त्योंहीं रह्यो। जब लगि सोदावानल दह्यो ॥
दव के शांत जबै सस सरक्यो। पदपैंडातें गज हिय दरक्यो ॥
भूख प्यास दुख तापर बाढ्यो। गिरयोभूमिगजबहुदुखगाढ्यो ॥

पूरन करि सौ बरसी आयू । त्यागि दयो तन अतिसतभायू ॥
तिहितप स्रेनिकराजसदन में । मेघकुमार आय तुम जनमें ॥
तेही पुन्य साध पद पायो । अब क्यों कातर ह्वै अकुलायो ॥
एकै जीव हेतु तब तैसे । भूख प्यास दुख सहे अनैसे ॥
सो अब जगत पूज्य साधनतें । दुखीगमन आगम बाधन तें ॥
ऐसौ तोहि वत्स नहिं चहिये । जो तु इच्छत परमपद लहिये ॥
यों गुरु बच सुनि मेघकुमारा । निहचलज्ञान लह्योनिरधारा ॥
हाथ जोरि गुरु पद सिरनायो । प्रभु बूड़त तुम मोहिं बचायो ॥
अब जिहि माहिंचित्त हतमेरो । रहै साधु सेवा में घेरो ॥
दरस परस नित उनकौ पाऊं । निसिदिन चरन साधुकै ध्याऊं ॥
साधु चरन रज सिर पर राखौं । उनके बचन सुधारस चाखौं ॥
ऐसी मति मोहिं देहु दयाला । सुनितोषे गुरु परम कृपाला ॥
एवमस्तु तासों गुरु भाख्यो । तबतें निज तपव्रत दृढ़राख्यो ॥
तप प्रभाव तन तजितिहिथाना । भयोनैवकहि विजयविमाना ॥
पुनिविदेह थलचढ़ि छविछायो । तप प्रतापतें मुक्ति सिधायो ॥
यों गुरु कुंवरहि पन्थ दिखायो । कुपथ कूपमें गिरन न पायो ॥
यातें जीव दया दृढ़ नीको । पाऊं सुफल जनमता जीको ॥
ऐसे गुरु जन के हितकारी । तारनतरन मरन भयहारी ॥
काम क्रोध लोभादिक जितने । राग द्वेष ममतादिक तितने ॥
जिन जीते [illegible] गुन सोई । गुन सोई चाहै सोइ होई ॥
ऐसे कहि [illegible] । अपने मन संकल्प बढ़ायो ॥
[illegible] अब नाहीं । ऐसो अचरज भयो न कबहीं ॥
[illegible] और बलदेवा । चक्रवर्त आदिक वसुदेवा ॥
[illegible] नहिंउपजैंकबहीं । राजादिक कुल मिलैंनजबहीं ॥
[illegible] नामी । सोद्विजकुलजनमें जिनस्वामी ॥
काल [illegible] बितीतें । उत सर्पनि अब सर्पनि बीतें ॥
हुंडक नाम काल इक आवै । जो ऐसे अचरज उपजावै ॥

ताही काल माहिं हन हेरे । उपजत ऐसे दसों अछेरे ॥
सो यहि काल आय दरशाने । अति अद्भुत रसकरि सरसाने ॥
आदिनाथ जिन आदि सुटेके । महावीर स्वामी लौं लेके ॥
जिन जिन जिन वारे मे जो जो । भयो अछेरौ वरनौं सोसो ॥

अथ प्रथम अछेरा ॥

एक काल इक छिनमें सोई । वहु जीवन की मुक्ति न होई ॥
होय कपापि तु अचरज जानों । ऋषभ देव के वारें मानों ॥
एक ऊन सत जिनके साधू । आठ भरत सुत रहित उपाधू ॥
आपसहित इकसत अरुआठा । इकछिन मुक्ति गयेसुनिपाठा ॥
प्रथम अछेरौ यह जिय जानों । अब दूजे को सुनों वखानों ॥

अथ दूजो अछेरा ॥

जैन धर्म चौथे आरे में । जब विच्छेदे ता वारेमें ॥
असंजती पूजें तब जन सब । पूछें धर्म विवस्था ते तब ॥
कहैं कि सब जिन जनकोंदीजे । अन धन कन्यापूजा कीजे ॥
साध वुद्धि तब उनकी पूजा । होन लगीकोउ और नदूजा ॥
दूजौ यह अति अचरज नयो । सुवुधि नाथ के वारें भयो ॥

अथ तीजो अछेरा ॥

नरक न जाइ जुगलिया कवहूं । जाय तु अचरज अवहूं तवहूं ॥
कौसंवी नगरी को राजा । सुमुखनामअतिसुभगवि राजा ॥
वीरा कोली इक वहं वसे । वनमाला ताकी तिय लसे ॥
इक दिन नृप ताकौं लखि लई। रूप देखि सव सुधिवुधिगई ॥
काम अन्ध ह्वै कछू न जानी । छलकरिताहि महल मेंआनी॥
भोग विषय तासों नृप रच्यो । वीरा कोली धीरज छंड्यो ॥
ढूंढत जहं तहं दुखित विसाला। हा वनमाला हा वनमाला ॥
विरहदुखिततिहिंनृपलखिलीनो । वड़ो खेद पछितावो कीनो ॥
दैवजोग नृप अरु तिय ऊपर । गाज परी ताही छिन दूपर ॥
दूजै भव मरि जुगली भयो । ते हरिवर्ष खेत सुख छयो ॥

वीरा कष्ट साधि मरि भयो । किल्विख नाम देवता भयो ॥
तबतिनयुगलिहिलखिदुखपायो । पूरव जनम वैर सुधि आयो ॥
तिन युगलिहिं ह्वांतै लैं चल्यो । चम्पा नगर प्रजा तैं मिल्यो ॥
नृप हरिभद्र नाम कहि थाप्यो । रानीसहितताहिसुखव्याप्यो ॥
नगर प्रजा कौतिन सिखरायो । नृपहिंमास मयभोग खवायो ॥
ताही पाप युगलिया मरिकै । नरकगये अचरज जगकरिकै ॥
कुल हरि वंस भयो तिनहीं तैं । हैं प्रसिद्ध जगमें जिन हीतें ॥
यह ई तीजा भया अछेरा । जिनस्वामी सीतल की बेरा ॥

अथ चौथा अछेरा ॥

चौथो अचरज अवसुनि कहिये । अद्भुत रसताको पथ गहिये ॥
तीर्थंकर नहिं तियकै उपजै । जौ उपजै तौ अचरज निपजै ॥
मल्लिनाथ तिय ह्वै औतरे । जिन वरवपु अद्भुत रसभरे ॥
पूरव जनम करम यह बांध्यो । तातैं तिय तनसों जिय साध्यो ॥
तिहि भव महा विदेह नगरमें । शतवल नृपके सुखद नगरमें ॥
कुंवर महावल नामा जनमें । मातपिता अति मोदित मनमें ॥
मित्त किये छह राज कुमारा । वय गुनसील रूप सम सारा ॥
अचल धर्म पूरन अभिचन्दा । वसुवे श्र म छहनाम नरिन्दा ॥
सातों वाल मित्र मिलि पूरे । समपदवी शापत हित रूरे ॥
लैचारित सब तप कों लागे । महावली पै छिपि कछु जागे ॥
छहतें अधिक कपट तप कीना । तिहि प्रभावतें तियतन लीना ॥
मिथला नगर कुंभ नृपजाकैं । प्रभावती तिय गर्भ सुताकैं ॥
मल्लिकुमारी इहि सुभ नामा । रूप सील गुनपरमललामा ॥
अगहन सुदि एकादस दिना । जनमीजिन वरह्वैतिहिछिना ॥
छहों मित्रहू जब मरि गये । देसान्तर मैं राजा भये ॥
सुनि गुन रूप सील मल्लीको । भयेभंवर सुनिगुन वल्लीकौ ॥
आये तजि निज २ रजधानी । मल्लिकुमारीजिहिदिसजानी ॥
मल्ली अवधि ज्ञान करि जाने । परम सनेही मीत पुराने ॥

तिन्हें देखि निज रूप लुभाने । विकसकासवसविकलपिछाने ॥
मल्लि स्वर्न पुतली सज कीनी । तामें निज छबिसवधरिदीनी ॥
रत्न भूषनन भूषित कीनी । कंचन में पुतली रस भीनी ॥
नित प्रति ताके मुख के माहीं । अन्न कोर इक २ धरि जाहीं ॥
सोसड़िअन्नअधिकजवबिगर्यो । अतिदुर्गंध भयो घरसिगर्यो ॥
छहैं जनन तब सो लहिलीनी । अतिबिगन्ध घनतेंघिनकीनी ॥
तब मल्ली ते सब समझाये । अन मय तनके भेद बताये ॥
अस्थिचर्म नस वस मज्जामय । रुधिररुमास मूत्रमलआलय ॥
ऐसोयह अनतन धन घिनघर । सुनो सनेह जोग नहिंवरनर ॥
बोधि छहन को चारित दीनो । जनममरन दुखतें करिहीनो ॥
चौथो अचरज यहै बखान्यो । अतिविसमयअद्भुतरससान्यो ॥

अथ पंचम अछेरा ॥

मिलें न वासुदेव द्वै जग में । जो पै मिलें तुअचरज मग में ॥
खंडधातुकी में इक नगरी । कंकाअमर नाम गुन अगरी ॥
वासुदेव इक कपिल सुनामा । तहां वसे सुभ लच्छन धामा ॥
इक दिन किहू हेत गुन मये । कृष्णसुवासु देव तहं गये ॥
ताको हेत कहौं सुनि लीजे । एक समय नारद रस भीजे ॥
पंचाली के अविनय खीजे । खंड धातुकी जाय पतीजे ॥
पद्मोत्तर राजा पै गये । रूप द्रोपदी वरनत भये ॥
तीन लोक में नाहीं ऐसी । सुन्दर तिय। द्रोपदी कैसी ॥
सुनि गुन राजा मोहित भयो । देव अराधि सिद्धजप कियो ॥
तिन सुर जाय द्रोपदी हरी । लाय नृपति के आगे धरी ॥
पै द्रोपदी सील व्रत साधे । निस दिन रहे धर्म आराधे ॥
भोर भयो पांडव जब जान्यो । चकितथकि तह्व अतिदुखमान्यो ॥
ढूंढ हारि जब कछु नबसाई । तब सुधि कीन यादव राई ॥
कुन्ती जाय कृष्ण को लाई । आय कृष्ण सब बिथामिटाई ॥
नारद मुनि ताकी सुधि पाई । तब हंसि यों पांडवन सुनाई ॥

कहा करी तुम मिलि पांचौपिय। राखि न सके पांच मैंडक तिय॥
सोरह सहस अठोतर से तिय। एकाकीराखत हम ज्यों जिय॥
यो हंसि रिपु पे करी चढ़ाई। सहपांडव चलि गये कन्हाई॥
पद्मोत्तर राजा सों लरे। जीति ताहितिय लैकरिफिरे॥
तव जयसङ्खकृष्ण धुनि कीनौ। कपिल सुवासुदेव सुनि लीनौ॥
कपिलतहां तव मिलनविचारी। मुनिसुव्रत्ति जिनिवरजेभारी॥
कह्यो न वासुदेव द्वै मिलें। मिलेंतुअचरजअतिजगखिलें॥
जोलौ कपिल सिंधु तट आये। तौलौ कृष्ण सिंधु मधि पाये॥
सङ्ख नाद तव दुहुं दिस भये। नादहिं तो मिल निज ग्रहगये॥
यह पांचवों अचंभौ नयो। नेम नाथ कै वारें भयो॥

अथ छठवों अछेरा॥

चमरेंदर धर्मेन्द्र लोक लो। जाय नहीं जो जाय अचंभो॥
पूरन नामा तापस एका। कियो घोर तपवरस अनेका॥
सव विधि साधि कष्ट मरिगयो। तप वल तें चमरेंदर भयो॥
अवधि ज्ञान करि जवउनदेखा। धरमेंदर पद निजसिर लेखा॥
लखिअतिक्रोधअगिनतनजार्‌यो। धरमें दरसों लरनविचार्‌यो॥
जोजनलाखवदनविस्तार्‌यो। सुरन डरावन लाग्यो भार्‌यो॥
मन में महावीर की सरना। गहिधरि काहू को जी डरना॥
तव धरमेंदर वज्र चलाया। चमरेन्दर भाजा भय पाया॥
प्रभुपदतर अनुतन धरि रह्यो। अवधिज्ञानकरिसुरपतिलह्यो॥
महवीर की सरना लीना। तव धरमेन्द्र छांड़ि सो दीना॥
कह्योवच्यो जिनवरकी सरना। फेर न ऐसो कवहूं करना॥
दुहूं परस्पर दोष छिमाये। आप अपने थल दुउ सिधाये॥
छठो अछेरो पूरन भयो। अव आगे सुनि अचरज नयो॥

अथ सातवों अछेरा॥

सतवों अचरज जिन देसना। निफल न होय एकपल छिना॥
अफलो होय तु अचरज होई। यह जग में जानै सव कोई॥

महावीर भगवंत सुजानी । जबै भये प्रभु केवल ज्ञानी ॥
समो सरन सब सुरन रचायो । महावीर तब सब्द सुनायो ॥
सो देसना न किन्हूं मानी । यह अचरज सतयोंसुनिज्ञानी ॥
अथ अठवां अछेरा ॥
भूत भविष्यत अरु अब तबहीं । ऐसो अचरज भयो न कबहीं ॥
सो उपसर्ग बखाना । गोसालक तें जो भगवाना ॥
सह्यो कह्यो सो सुनि चितलाई । सावस्ती नगरी सुखदाई ॥
तहां बसै इक खल मन खलसुत । गोसालक तपसी इरषायुत ॥
तिन जिन वरसों बाद मचायो । प्रभु पर तेजो लेस चलायो ॥
सुनछत सरवानुभूत दोय जन । महावीर के मुख्य सिष्य तन ॥
साधु दोय ते आड़े आये । ते जलेस्स ते तुरत जलाये ॥
तिनहिं जारि वह तेजो लेसा । गयो जहां महवीर जिनेसा ॥
दै प्रदच्छिना पाछे फिर्यो । गोसालकही तातें जर्यो ॥
पै जिनवर के तनके माहीं । ऊठन चिह्न इकभयोतहाहीं ॥
काल पाइ सोऊ मिटि गयो । पै जगमें यह अचरज भयो ॥
यह उप सर्ग जिनै नहिं होई । यातें कह्यो अछेरो सोई ॥
अथ नवां अछेरा ।
रवि ससिनिज बिमानयुतआवै । जाहि न कितहूं कबहूं कापै ॥
जोपै जाहिं तु अचरज होई । विदित बात जानत सब कोई ॥
कौसंबी नगरी के माहीं । महावीर स्वामी तिहि ठाहीं ॥
समो सरन देवन तहं रच्यो । एको सुख जातें नहिं बच्यो ॥
तहां सूर ससि अति छवि पाये । निजविमानहू देखन आये ॥
नवम अछेरो यहै बखानो । अब दसवों हू सुनो सुजानो ॥
अथ दसवां अछेरा ॥
अब दसवों अचरजसुनिसोऊ । द्विजकुलजिन जनमैंनहिंकोऊ ॥
देवानन्दा उदर मझारा । श्रीभगवन्त लियो अवतारा ॥
दस अचरज ये सुरपति कहे । सेनाधिपहि बोलि कहि रहे ॥

अरहंतादिक जिनजन सबहूं। भिच्छुककुल नहिं उपजें कबहूं॥
सो श्री महावीर जिन ईसा। द्विज कुल गर्भचवे जगदीसा॥
कुल अभिमान मान मन साध्यो। नीच गोत कुलयातें बांध्यो॥
सो सब अब विस्तार बखानो। पिछले भव जिनवर के जानो॥
सत्ताइस भव महावीरके। बरनों सुनि गुन परम धीरके॥
जाभव तें समकित मित जागी। मुक्त होनकी थित अनुरागी॥
ताहि आदि दै महावीर लों। सत्ताइस भव भये सु बरनों॥
प्रथम भये नयसार थलीसा। जिन अातिथ हितचहेसुनीसा॥
भोजन सजि मग जोवनलाग्यो। मुनिआयेलखिमुद मनजाग्यो॥
सादर सनमाने बिहराये। साध बिहरि अति आनंदपाये॥
मुनितब कृपा पात्र जन जान्यो। ताके सनमुख धर्म बखान्यो॥
सोसुनि तिन समकितपदपायो। मुकुत जोग ताको भवभायो॥
यह पहिलो भव दूजो सुरको। तीजो सुनिअब बरनों धुरको॥
भरत चक्रवे घर अवतरे। नाम मरीच सकल गुन भरे॥
इक दिन भरत आदिस्वामीतें। पूछयो माय नामि नामी तें॥
अहोजिनेसर यब इहिकाला। समोसरन थल परमविसाला॥
यामें और जीव कोउ तुमसों। तीर्थंकर है कहो सो हमसों॥
सुनि बोले श्री आदि जिनेसा। समोसरन में तो नहिं ऐसा॥
पै तापस तुव सुअन मरीचा। लहि है पदवी परम अनोचा॥
चौविसवों जिनवर मोई है। महावीर नामा जस पैहै॥
चक्रवर्त्ति हू ह्वै है सोई। नाम मित्र प्रिय ताको होई॥
महा विदेह खेत में उपजे। मूका नगरी में सो निपजे॥
अरु त्रिपृष्ट नामा वसुदेवा। भरत खेत में ह्वै है एवा॥
ऐसे वचन भरतमुनि जिन तें। सुत मरीच पै आये छिनतें॥
दै पर दच्छन वन्दनकीन्हा। भागवन्त अपना सुत चीन्हा॥
पुनि सुत सों उनऐसे भाख्यो। दै भगवन्त वचन को साख्यो॥
होंगे जीव तियङ्कर ह्वैहे। वासुदेव पद हू सो पैहै॥

चक्रवर्ति ह्वै है सोई। कही बात ऐसे मुद मोई ॥
तोहि तिथङ्कर पद समुहायो। यातें हों तुहि वन्दन आयो ॥
सुनि मरीच अतिआनंद पाग्यो। विपुल हर्ष तें नाचन लाग्यो ॥
कुलको गर्भ भयो अति भारी। मोसों सुकुल न जगत मझारी॥
तेहो गर्भ नीच कुल बांध्यो। तातें भिच्छुक कुल भवसाध्यो॥
कोड कोड़ सागर वय माहीं। सत्ताइस भव भयो तहाहीं ॥
तासें तीन प्रथम ये कहे। चौथे भव सुर तन धरि रहे ॥
पुनिग्यारह भवमाहि इकन्तर। इकतपस्वी इक विबुधनिरन्तर ॥
पन्द्रह भव जव ऐसे गये। राज कुमार सोरहें भये ॥
सत्तरवें सुर ठारह माहीं। वासुदेव पुनि भये तहाहीं ॥
भव उनीसवें नरक सिधारे। वीसें जनम सिंह तन धारे ॥
गये नरक पुनि भव इक ईसें। धरयो जनम नृप कौ वाईसें ॥
चक्रवर्त पुनि ह्वै तेईसें। फेर देवता ह्वै चौवीसें ॥
राजा नन्द पचीसें भये। पुनि छवीसवें सुर गुन छये ॥
सत्ताइसवें भव भगवन्ता। देवा नन्दा उदर वसन्ता ॥
यातें इन्द्रहि योग सुगर्भ। नृप कुल में सरजावे अर्भ ॥
हरि नगमेशिहि ऐसें कहिकैं। फिरवोल्योसुरपतिमुखलहिकें॥
अब तुम वेग जाहु तिहिनगरी। देवा नन्दा जहं गुन अगरी ॥
ताके गर्भ वेग चुरावौ। छत्रियकुण्ड ग्राम मैं लावौ॥
सिद्धारथ राजा जहं राजै। त्रिसला रानी जहं छवि छाजै॥
ताके गर्भ माहिं है कन्या। ताहि तहां तैं लै गुन धन्या॥
वदलिदेहु दुहुगर्भ परस्पर। त्रिसलाकूख माहिंजिनवरधर ॥
हरिनगमें सीयहआयुससुनि। करिप्रणामतिहिदिसचाल्योपुनि॥
करन वइक्री रूप विचार्यो। सव रतननको सार निकार्यो॥
वहुजोजन मितिदण्डरूपधरि। समुद घात ताकें पाछे करि ॥
लोकउचित निजरूपवनायो। सुर उत्कृटी गति करिधायो ॥
अमिति द्वीप सागरमधि ह्वैकैं। जंवूद्वीप मध्य छित छ्वैकैं ॥

भरत छेत्र छित पर जब आयो। ब्राह्मनकुंड ग्रामतब पायो ॥
ऋषभदत्त द्विज वर सुभ घरनी। देवा नंदा सुवरन वरनी ॥
ताहि स्वापनी निद्रा देके। पुदगल अशुभ सबैहरिलैके ॥

अथ गर्भाकर्षण ॥

सुभ पुदगल तहं दये मिलाई। गर्भ उदर तें लियो कढ़ाई ॥
छत्रिय कुंड तुरत लेगयो। त्रिसिलाकूख माहिं धरदयो ॥
क्कार कृष्णा तेरस ससि बासर। उत्तर फागुनिनखत सुखदवर ॥
निसि निसीथ बीतै तिहिवारा। कल्यानक यह गर्भ पहारा ॥
देवानंदा उदर सहायक। रहेबयासी निसिजिननायक ॥
तिहीं राति तिहि देवानन्दा। फेर सुपन देखे अति मन्दा ॥
चौदह सुपन प्रथम जे पाये। ते त्रिसला मनुलये छिनाये ॥
ऐसो सुपन देखिके जागी। अतिसांचिन्ता मनसोचनलागी ॥
तिही राति त्रिसला रानी ने। सिद्धारथ राजा मानी ने ॥
सोवत तेई चौदह सुपने। लखे समात वदन में आपने ॥
सुखद चित्रसाला जहं रानी। सरस सेज में रेन विहानी ॥
ताको वरनन कछुक बखानों। जहां सोय सुख सुपनो जानों॥

कवित्त ॥

नवल धवल धाम ललित ललाम जिन कीनी छाम छवि छपाकर को जो छाई है। रचित विचत्र चित्र खचित जरय जाकी जगर मगर होत जोत चहूं धाईहै ॥ छौनी पै बिछौना छवि छ्ये से बिछाये स्वच्छ छात चांदनी की चांदनी सी छहराई है। कोमल कमल दल रचितवि चित्र सेज कमला सी तापै सोई त्रिसला सुहाईहै ॥ १ ॥ जागत कछुक पल लागत झलक नींद पागनमे दृग मृगछौना से छिपाये हैं। उदितउदार अद्भुत सार भरे मंगलीक सोभा सार सुखद सुहाये हैं ॥ चौदहों भुवन ताको रिद्धि औ समृद्धि सिद्धि साधन विनाही

पाई मोद मन छाये हैं। चौदहों सुपन एक एक तें निपुन ऐसे अनुभव अपने श्री त्रिसला ने पाये हैं ॥ २ ॥

अथ चौदह सुपन——प्रथम गज बरनन ॥

देखि दिग दुन्द विगत मद होत जातें चारि रदवारौ ऐसौ मन मदवारो है। मंदर सो उच्च सुखकंदर सो जामें सुठसुन्दर अमंद मंद गति अति भारी है ॥ अमल कमलदल विमल बरन स्वच्छ मानों जिन जस पुञ्जनंजु उजिआरो है। ऐसों गजराजन कोराजसिरताजआजपहिलें सुपनरानीत्रिसलानिहारचोहै ॥ ३ ॥

द्वितीय वृषवर्नन ॥

उन्नत विपान छबिखान को बखानिसके धर्मबंधु विधि को प्रबल बलवारो है। कोमल विमल रोम सोमके बरन तमतोम को हरन हार रूप निरधार्यो है ॥ रुष्ट तन पुष्ट जामें एको गुन दुष्ट नाहि दुष्टता मिलत लखि ललित सुढारचो है। ऐसो वृपराजन को राज सिरताज आज दूसरे सुपन रानी त्रिसला निहारचो है ॥ ४ ॥

तृतीय सिंह वर्नन ॥

केसर सिरीख के सरीखेकेसकेसरके कोमलविमलचर बरन पियारो है। तीछन तिरीछे नख तालू तल जीभ लाल दीपसे दिपत दृग दीह देहवारो है ॥ दंतुरित दंतनि की पंति छवि वंत स्वच्छ तुच्छ कटि तटि पुच्छ उन्नत उधार्यो है । ऐसोमृग राजनको राज सिरताज आज तीसरे सुपनरानी त्रिसला नि-हार्योहै ॥ ५ ॥

चतुर्थ लक्ष्मी वर्नन ॥

हिमगिर मांहिसरसर में सरोज बन बननेंजलज एक परम सुहायोहै। वारिज में दिव्य गेह गेहमें कनक बेल बेलनेंकमक एक एक तें सुहायो है॥ सोहनै बदन नैन मोहनै चरनकरनाभि उर उरज कमल व्यूह छायो है। कोमल कमल सुखी कमला

त्रिमल देवी ऐसो चौथो सुपनो श्री त्रिसला ने पायो है॥ ६ ॥

पञ्चम फूलमाला वर्नन॥

चंपक चमेली वेल मालती सुमिल मेलि परि मलझेल गुन गूंथी मन भाई है । सेवती गुलाव कुंद केतकी मदनबान जुही सोनजुही पुहीसोहोसुखदाईहै॥ मधु मकरन्दछके तुन्दिलमलिंद वृन्द गुंजिगुंजि रंजमन मंजु मुद छाईहै । फूली फूलमालसोभा सौरभकी जाल बाल त्रिसला को पांचवें सुपन दरसाई है॥७॥

षष्ठम चन्द्र वर्नन॥

राकापति रैनपति रतिपतिअति मित्र उडपति ओषधी को पति मन भायोहै । रोहिणीरमनराट रूपको सुमन तीनो ताप को समन सुमनन करि ध्यायो है॥ द्विजराजजाको पद कोविद कला को भलो भाईहै रमाको मुद कुमुदन छायोहै । पूरन अमंद चन्द आनद को कंद ऐसो छठवां सुपन रानी त्रिसला ने पायो है॥ ८ ॥

सप्तम रवि वर्नन॥

तेज पुंजरासी सुप्रकासी तमनासी देव वरस छमासी दिन छिन प्रगटायो है । कोमल कमल कलकुल मोदकारी भारी कोक सोकहारी लोक लोचन सुहायो है ॥ प्रबल प्रताप पैहरत तीनों ताप तातें तीन कालताको तीन रूप करि ध्यायो है। मारतंड मंडल अखंडित प्रचंड ऐसोसांतवों सुपन रानी त्रिसला ने पायो है॥ ९ ॥

अष्टम ध्वज वर्नन॥

उन्नत अकास लों प्रकास दस दिस मांह छांह जाकी जौन्ह जैसी फैली छिन छोर में । लहरत पौन फहरात फरहर जामें चित्रित विचित्र सिंहचित्र बीच ठौर में ॥ कंचन रचित दंडखचित अनेक नग जग मग होत जग मांहि जोति जोर में। दिव्यतेज

भई ऐसौ ध्वज रानी त्रिसला ने आठवें सुपन देखि लीनौ दृग दौर में ॥ १० ॥

नवम कलस वर्नन ॥

कंचन रचित मनिमानिक खचित मरकत पुखराग हीरामोती जड़ि धार्‌यो है। फूलन की मालरें विसालरें लपेटीं गरें भौंर पुंज गुंजन तें लागै अति प्यार्‌यो है ॥ मंगलीक द्रव्यजग जेते तेते तामें सब सुखद सुभग मोद भाजन सुढार्‌यो है। ससर सरस परिपूरन कलस ऐसो नवमें सुपन रानी त्रिसला निहार्‌यो है ॥ ११ ॥

दसम सरोवर वर्नन ॥

पूरन सलिल स्वच्छ अच्छपरतच्छ तामें लच्छ मच्छकच्छन कौ केलिथल प्यारो है। कंजरुक मोदवन घन जामें फूलि रहे झूलि रहेभौंर झौंर सोभाभरि ढार्‌योहै ॥ हंसराज हंसकुंज सारस वलाक कोक सोक तजि रमत चहूंघां सुक सार्‌यो है। ऐसो सरवर वर सर मानसर नाहिं दसवां सुपन रानी त्रिसला निहार्‌यो है ॥ १२ ॥

ग्यारवैं छीरसागर वर्नन ॥

पूरन अपार पारावार जे उदार सिंधु तुच्छ से लगत ऐसो स्वच्छ सोभा भार्‌यो है। तरल तरंग अति तुंग के अभंग भंग भौंरन की भीर तें गंभीर नीर वारो है॥ तिमि से तिमिंगल से नक्रवक्रदन्त जामें दीसत दिगंत लौं न अंत पार पार्‌यो है। ऐसो छीरसागर उजागर अनन्त वन्त ग्यारवैं सुपन रानी त्रिसला निहार्‌यो है॥ १३ ॥

वारवों विमान वर्नन ॥

मध्य दिन दिनमनि गन कौ सो तेज तेज-मनि गन चित्र तें विचित्र चित्र कार्‌यो है। झझरी झरोखा गोख मोखा अगनित जामैं दीपमान दीपमान हूंतें विस्तार्‌योहै॥ विविधि विवुध वधू

नाटक निपुन गन गंध्रपन गान तान मन मोद भार्योहै। ऐसो सो विमान कविमान कन्नजानि सकै बारवें सुपन रानीत्रिसला निहार्यो है॥ १४॥

तेरवैं रत्न रास वर्नन॥

हीरन को हीर मानौ मानिक कौ मन पुपराग कै पराग पानी पन्ननकौ गार्यो है। लील की लुनाई लालड़ी की ललिताई चन्द्रकान्ति की चमक लैकैं अतर निकार्यो है॥ ताही को बनाय ढेर कंचन सुमेर को सो दगन खुलत तीखे तेज को पसार्योहै। ऐसो रत्नरास के उजास कौ प्रकास आज तेरवें सुपन रानी त्रिसला निहर्यो है॥ १५॥

चौदवें निर्धूम अग्नि वर्नन॥

